दिनांक 5.09.2020

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

महापौर परिषद की बैठक संपन्न, बैठक में चंद्रा मौर्या टॉकीज के सामने कब्जे के आधार पर आबंटित भूमि के संबंध में हुई चर्चा

भिलाई नगर । महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल की अध्यक्षता एवं उपायुक्त अशोक द्विवेदी की उपस्थिति में आज दिन शनिवार को निगम के सभागार में सोशल डिस्टेंस मेंटेन करते हुए महापौर परिषद की बैठक हुई। राजस्व विभाग द्वारा महापौर परिषद के समक्ष लाए गए प्रस्ताव चंद्रा मौर्या टॉकीज के सामने कब्जे के आधार पर आबंटित भूमि के संबंध में चर्चा की गई और प्रकरण अगले बैठक में लाने पर विचार किया गया! महापौर परिषद की बैठक में इस प्रकरण को लाने के पूर्व निगम अधिवक्ता से राय ली गई है! जोन क्रमांक 4 के अंतर्गत आने वाले उद्यानों के रखरखाव एवं संधारण के लिए महिला स्व सहायता समूह को दिए जाने हेतु प्रस्ताव महापौर परिषद के समक्ष जोन 4 द्वारा प्रस्तुत किया गया! प्रस्ताव अनुसार उद्यानों के आसपास नागरिकों को खानपान सुविधाएं एवं अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराने अस्थाई ठेला , वेंडर्स, कार्ट लगाने की अनुमति महिला स्व सहायता समूह , स्वयंसेवी संस्थाओं को दी जाती है तो उद्यान के रखरखाव की व्यवस्था के साथ ही महिला स्व सहायता समूह के सदस्यों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे इसके लिए शहरी आजीविका केंद्र में पंजीकृत महिला या महिला समूह को संचालन के लिए जिम्मेदारी दी जा सकती है! उद्यानों को इस आधार पर रखरखाव में देने के लिए नियम शर्ते भी तैयार की गई है

जनसम्पर्क अधिकारी